BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication .... Hari Bhoomi ....

Date 20/11/2025 .... Page .... 11 .... Column .... 02 ....

Subject .... स्वामी गोविंद देव गिरि ने बाबा मस्तनाथ मठ मे किया दर्शन ....

स्वामी गोविन्द देव गिरि ने बाबा मस्तनाथ मठ में किया दर्शन, निर्माण कार्यों व सामाजिक सेवाओं को सराहा

■ बाबा मस्तनाथ मठ की आध्यात्मिक परंपरा और इसकी सामाजिक धरोहर वाकई प्रेरित करने वाली है: स्वामी गोविन्द देव गिरि



रोहतक। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविन्द देव गिरि को मठ परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों से अवगत करवाते महंत बालकनाथ योगी।

रोहतक। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविन्द देव गिरि को श्री बाबा मस्तनाथ मठ का नक्सा दिखाते हुए महंत बालकनाथ योगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविन्द देव गिरि बुधवार को श्री बाबा मस्तनाथ मठ पहुंचे। उनके आगमन पर मठ परिसर में गर्मजोशी से स्वागत हुआ। मठाधीश महंत बालकनाथ योगी ने स्वामी देवगिरि का अभिनंदन किया और उन्हें मठ की आध्यात्मिक परंपरा, सामाजिक योगदान और विकास कार्यों से अवगत कराया।

स्वामी गोविन्द देव गिरि ने सबसे पहले सिद्ध शिरोमणि बाबा मस्तनाथ महाराज की समाधि के दर्शन कर माथा टेका और आशीर्वाद लिया। महंत बालकनाथ योगी ने बताया कि बाबा मस्तनाथ मठ की परंपरा केवल साधना तक सीमित नहीं रही, बल्कि समय के साथ यह समाज सेवा, शिक्षा और मानव कल्याण की मजबूत धुरी बन गया है। महंत बालकनाथ योगी ने स्वामी देवगिरि को मठ परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों, भावी योजनाओं और विस्तार परियोजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।